भारत विकास परिषद् ने कार्यकर्ताओं का सम्मान किया

जालोर में भारत विकास परिषद् की प्रांतीय परिषद् की बैठक आयोजित हुई। फोटो–राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भारत विकास परिषद् राजस्थान पश्चिम प्रांत की द्वितीय प्रांतीय परिषद् बैठक रविवार को रीको औद्योगिक तृतीय चरण स्थित ग्रेनाइट एसोसिएशन सभागार में जालोर शाखा के आतिथ्य में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के बतौर क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव विनोद आढा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने की। बैठक में जोधपुर, फलोदी, जैसलमेर, बाङमेर, बालोतरा , पाली, सिरोही, व जालोर सहित 8 जिलों की 24 शाखाओं के 150 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने स्वागत उद्बोधन के साथ अध्यक्षीय अभिभाषण दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसे कार्यक्रम आयोजित करे जो हमारे समाज में व्यापत बुराइयों पर सीधे ही चोट करे। हमारे कार्यों का समाज पर प्रभाव दिखना चाहिए। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव विनोद आढा ने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देते हुए बताया कि चूंकि हमें सामाजिक बदलाव के माध्यम से समाज का विकास करना है, फलस्वरूप अपने स्वयं के उदाहरण से सामाजिक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए पंच परिवर्तन के रूप में हमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण– संरक्षण, स्वदेशी आचरण, कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य से संबंधित इन पांच विषयों से सम्बन्धित कार्यक्रमों पर हमें विशेष ध्यान देकर प्रमुखता से मूर्त रूप देना होगा। प्रांतीय महासचिव डा.महेंद्र गहलोत ने प्रांत द्वारा वर्ष पर्यन्त किए गए सेवा और संस्कार कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रांतीय वित्त सचिव रामाकिशन भूतड़ा ने आय व्यय का लेखा सदन को बताया। इसके साथ ही विभिन्न शाखाओं से आए सचिवों द्वारा अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रगति से सदन को अवगत कराया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में केंद्रीय जन कल्याण निधि में प्राकृतिक आपदाओं के समय सेवा कार्यों को संचालित करने के लिए अनुदान देने वाले दो सदस्यों प्रान्तीय महासचिव डॉ.महेन्द्र गहलोत व डॉ.दर्शन ग्रोवर को विकास रत्न तथा15 सदस्यों को विकास मित्र अलंकरण से नवाजा गया। साथ ही जालोर शाखा के सदस्य महेंद्र आनंद वैष्णव द्वारा इस जन कल्याण निधि में विकास मित्र के रूप में 11000 रूपये देने की घोषणा करने पर उनका भी सम्मान किया।

इस वर्ष के लिये प्रांत के अंकेक्षण कार्य के लिए अंकेक्षक की नियुक्ति का भी बैठक में सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया।

बैठक के दौरान खुला मंच कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय महासचिव विनोद आढा ने कार्यकर्ताओं की विभिन्न शंकाओं व जिज्ञासाओं का भी समुचित समाधान किया। आयोजन में वेलाराम सुंदेशा जालोर ग्रेनाइट एसोसिएशन अध्यक्ष सहित सहित पदाधिकारियों तथा समेलाराम सोलंकी का भामाशाह के रूप में भी सम्मान किया गया।

साथ ही जालोर शाखा द्वारा प्रान्तीय बैठक का सुव्यवस्थित व सफल आयोजन करने पर प्रान्त की ओर से सभी कार्यकर्ताओं का बहुमान कर शाखा का विशेष सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम की अनूठी बात यह रही कि इस सम्पूर्ण आयोजन को सिंगल यूज प्लास्टिक से सर्वथा मुक्त रखा गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन परबतसिंह राठौङ ने किया।

जालोर शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र भूतड़ा एवं प्रांतीय संगठन सचिव गिरीश लोढा ने सभी का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय सचिव (सेवा) भवानी शंकर गौड, प्रांतीय संरक्षक ब्रिगेडियर नरेंद्र मल सिंघवी, प्रान्तीय उपाध्यक्ष(संस्कार) डॉ. प्रदीप राठी ,प्रांतीय महिला संयोजक प्रमिला गहलोत सहित प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी, जिला महिला संयोजक, शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में आयोजक शाखा जालोर से संरक्षक वेदपाल मदान, संस्थापक अध्यक्ष . हेमंत जैन, पूर्व अध्यक्ष , दिलीप शर्मा ,प्रेम सिंह कच्छवाह, बालकृष्ण शर्मा, जिला समन्वयक मदनलाल माली, जिला महिला संयोजक मधु शेखावत, सचिव संतोषकुमार दवे, कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी,महिला संयोजक सीमा जोशी, महेंद्र आनंद वैष्णव, प्रेम कुमार परमार वेलाराम चौधरी, शांतिलाल सोनी कमल किशोर भूतडा रामावतार तापड़िया, प्रेमसिंह राठौङ, भंवरलाल सुथार सहित पदाधिकारियों व सदस्यों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

गंगश्यामजी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

जोधपुर, (कासं) । होली में अब तीन दिन बचे हैं और फाग उत्सव की धूम मची हुई है। इसको लेकर जोधपुर शहर के प्रसिद्ध गंगशयामजी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पिछले कुछ वर्षों में यहां भीतरी शहर के अलावा बाहरी लोग भी उमड़ रहे हैं इसके चलते यहां पर व्यवस्थाएं भी बिगड़ रही है।

रविवार को भी यहां पर चल रहे फाग उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। के चलते मंदिर में पांव धरने तक की जगह भी नहीं बची। इसका असर यातायात व्यवस्था पर भी नजर आया। भीतरी शहर में भारी भीड़ के चलते यातायात जाम हो गया। भीतरी शहर की संकरी गलियों में अव्यवस्थित पार्किंग के चलते स्थानीय लोगों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मंदिर में फाग उत्सव के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है इसके चलते यातायात व्यवस्था भी बिगड़ गई।हालांकि, मंदिर में हर साल फाग उत्सव की धूम रहती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में लगातार भीतरी शहर के अलावा बाहरी इलाकों के लोगों की भीड़ भी बढ़ रही है।

इसके बावजूद प्रशासन की ओर से यहां पर उचित प्रबंध नहीं किए गए। इसके चलते रविवार को यहां आस–पास के व्यापारियों से लेकर स्थानीय लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालत यह है की भीतरी शहर के कहीं मार्गों पर जाम भी लग चुका है लेकिन मौके पर व्यवस्था सुधारने वाले जिम्मेदार नजर नहीं आए। बता दें कि 2 साल पहले इसी मंदिर में नंद उत्सव में डीजे साउंड लगाने का भारी भरकम ट्रस श्रद्धालुओं पर गिर गया था। उस समय यहां पर व्यवस्था सुधारने को लेकर कई तरह के निर्णय लिए गए थे। इसके बावजूद भी व्यवस्था ठीक नहीं हो पाई।

रजवाड़ी फाग उत्सव में महिलाओं ने थिरकाए कदम

पाली शहर के सूरजपोल क्षेत्र में रजवाड़ी फाग महोत्सव आयोजित हुआ। फोटो–राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के सूरजपोल स्थित एक निजी होटल में रजवाड़ी फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं ने राजस्थानी फिल्मों की मधुर धुनों पर मनमोहक नृत्य कर दर्शकों की तालियां बटोरी।

आयोजक रेणु कंवर ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट रामपाल शर्मा, कन्या महाविद्यालय प्राचार्य विनीता कोका, मॉडल ममता लश्करी, महिला सुरक्षा सहयोगी समिति संस्थापक कुलदीप पंवार, सचिव अचला शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी शिक्षा विभाग विक्रम सिंह परिहार, शानू पारख ने महिलाओं की उपलब्धियों पर विचार रखे। आयोजक ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थानी फिल्मी कलाकार पीहू भाटी ने खम्मा घणी खम्मा घणी म्हारे राठौड़ा ने खम्मा घणी पर नृत्य कर प्रतिभा का लोहा मनवाया वही चेतना ने पिया आवो तो, आरती में जला शेर, ममता पंवार ने दिल जाने जिगर तुझपे निशार किया है, प्रीति बालवंशी ने मुखड़ा पिया का, अनीता ने म्हारी सुंदर गोरी, रेखा श्रीमाली ने शीशा,पूनम ने फ़ागनियो, संजना शर्मा ने थारो फोटो देखने, रेणु कंवर परिहार ने चार चार चुड़ला सरीखे गाने पर नृत्य किया।

कार्यक्रम में मिसेज फागण,मिस फागण,बेस्ट डांस,बेस्ट लुक, एवं बेस्ट किड्स को सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका रेणु कंवर,अचला शर्मा एवं रेणुका राजपुरोहित ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने प्रीति बालवंशी, पिंकी पंवार,हंसा डागर, गुरमीत कौर, मधुबाला शर्मा,रेखा श्रीमाली, संध्या दवे, संगीता गहलोत आदि का सहयोग रहा।

किशनलाल सारण का स्वागत

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की ओर से अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर किशनलाल सारण का कचहरी रोड भीनमाल में अभिनन्दन किया गया। प्रदेश मुख्य महामंत्री पूनमचंद विश्नोई, जिलाध्यक्ष लूम्बाराम, रामनिवास के नेतृत्व मे अभिनन्दन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मौके पर महासंघ जिलाध्यक्ष किशनलाल सारण ने कहा कि आगामी दिनों में संयुक्त कर्मचारी महासंघ की बैठक कर जिला कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा।

साथ ही विद्यालयों मे मिलने वाली निशुल्क साइकिल की जगह ट्रांसफर वाउचर की राशि , साइकिलों की क्वालिटी बहुत खराब होने की वजह से छात्राओं द्वारा आने जाने के लिए कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है।

चिकित्सालय में कार्यरत महिलाओं का सम्मान किया

जालोर के राजकीय चिकित्सालय में महिला चिकित्सा कर्मियों का सम्मान किया। फोटो–राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। महिला दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय के आउटडोर के ऊपरी हाल में शनिवार को चिकित्सालय में कार्यरत महिला कार्मिकों का उपनियंत्रक डॉ. गजानंद शर्मा एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुनीता मीणा द्वारा माला पहनाकर व मुंह मीठा करवारकर उनका सम्मान करोया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिला के प्रति सम्मान प्रशंसा उपलब्धियां संघर्ष और सेवा समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय के स्टाफ द्वारा जिला चिकित्सालय में कार्य करने वाली एसएनओ जयश्री पंवार, एनओ शाहीन परवेज, डिंपल गर्ग, भावना, हेमलता चौधरी, चेतना श्रीमाली, गुंजन सहित 15 महिला कार्मिकों का सम्मान समारोह आयोजित कर उनका सम्मान किया गया। जिसमें चिकित्सक, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर , सहित विभिन्न विभागों के महिला कार्मिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने कहा कि महिलाएं न केवल परिवार की रीढ होती है बल्कि वह देश समाज और दुनिया के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी महिला कार्मिकों को महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और जिला चिकित्सालय में पूर्ण निष्ठा, कर्तव्य, अनुशासन ईमानदारी से मरीजों की सेवा करने की बात कहा।

नर्सिंग अधीक्षक दयाराम चौहान, रमेश कुमार गेहलोत,छगनलाल गर्ग, शहजाद खान, अभय सिंह, रमजान खान, चंपालाल परिहार, रामलाल चौहान, राधेश्याम सोलंकी, कैलाश दान चारण संजीव कुमार पृथ्वीराज , वरदाराम, जेता राम, पुरूषोतम गर्ग, गुप्तेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, महेंद्र सैनी, गोविंद कुमार, हितेश, रतन, भभूता राम सहित कई जने मौजूद रहे।

घर से निकली महिला व युवती लौटी नहीं

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र के 21 सेक्टर से एक विवाहिता बिना बताए घर से निकल गई। विवाहिता अपने साथ सोने की ज्वेलरी और नगद रुपए भी लेकर चली गई। अब इसको लेकर उसके पति की ओर से गुमशुदगी रिपोर्ट थाने में दी गई है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस विवाहिता की तलाश कर रही है।

थाने में दी रिपोर्ट में 33 वर्षीय युवक ने बताया कि 7 मार्च के शाम 4 बजे 21 सेक्टर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित उनके घर से उसकी पत्नी बिना बताए निकल गई। वह अपने साथ पायल, मंगलसूत्र, अंगूठी और 40 हजार रुपए नगद भी लेकर चली गई। आसपास की जगहों पर तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चला। इसके बाद थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी गई।

एक दूसरा मामला भगत की कोठी थाना क्षेत्र का है। यहां पर सहेली की शादी में शामिल होने के लिए निकली 20 वर्षीय युवती वापस घर पर नहीं लौटी। इसको लेकर भगत की कोठी शिव मंदिर के पास रहने वाले पिता की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई है।

प्रेम व मंजू संयम मार्ग धर्म के आजीवन माता पिता बने

बाड़मेर में दीक्षा ग्रहण के दौरान पाली के प्रेम प्रकाश धारीवाल और मंजु देवी ने आजीवन धर्म माता पिता के संयम जीवन का बीड़ा उठाया।

पाली , (नि.सं.)। बाड़मेर में दीक्षा ग्रहण के दौरान पाली के प्रेम प्रकाश धारीवाल और मंजु देवी ने आजीवन धर्म माता पिता का संयम जीवन का बीड़ा उठाया।

पाली के मनीष बोहरा ने बताया कि चित्रा पारख ने खरतरगच्छ में दीक्षा ली जो बीकानेर की है, उनके पिता का नाम सुनील और माता का नाम निर्मला है। चित्रा पिछले वर्ष 4 महीने साध्वी प्रशमिता आदि ठाणा की निश्रा में आराधना पाली में की । जिनकी दीक्षा 9 मार्च रविवार को बाड़मेर में खरतर गच्छाधिपति श्री जिन मणि प्रभ सुरीश्वर महाराज और अचल गच्छाधिपति श्री कला प्रभ सुरीश्वरजी महाराजा की निश्रा में सम्पन्न हुई। उनकी गुरु साध्वी कल्पलता श्री जी है। पाली के श्री जिन कुशल सूरी संघ के सचिव प्रेम प्रकाश धारीवाल ने चित्रा पारख जो अब साध्वी श्री अर्पण निधि श्री जी बनी। उनके संयम जीवन के धार्मिक माता पिता बनने का लाभ लिया।

प्रेम प्रकाश धारीवाल ने बताया कि पिछले वर्ष पाली में उन्होंने 4 महीने साध्वी के निश्रा में आराधना की तब संपर्क हुआ और अब उनकी दीक्षा और संयम मार्ग के प्रति रुचि को देखते हुए मार्गदर्शन मिला और आगे उनके संयम मार्ग का माता पिता बनने का लाभ लिया है। चित्रा पारख साध्वी अपर्ण निधि बनी जो साध्वी कल्पलता श्री जी की सुशिष्या है और पाली के अनुभव स्मारक तीर्थ प्रेरिका साध्वी हेमप्रभा श्री जी की सब सुशिष्या है।

होली के त्यौहार को लेकर चंग की बढ़ी डिमांड

पाली, (नि.सं.)। फागुन माह लगते ही पाली जिले में गांव और शहर में चंग की थाप पर फागुन गीत गाते ग्रामीण नजर आ रहे हैं।

पाली शहर से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र में फागुन गीतों का उल्लास है, जिसको लेकर पाली शहर के अंबेडकर सर्किल स्थित चंग की दुकान पर ग्रामीण व शहर वासी चंग खरीदने पहुंचते है।

दुकानदार मनोज चौहान ने बताया कि उनके चंग की डिमांड पाली शहर के आसपास से लेकर गुजरात महाराष्ट्र के लोग ऑर्डर देकर बनाते हैं।

उन्होंने बताया कि बकरा व भेड़ की खाल से बनने के साथ आजकल पॉलिएस्टर से भी चंग बनते हैं। हमारे यहां 1 हजार से 3 हजार तक की चंग बिकती है विभिन्न डिजाइन रंगों से तैयार की जाती है। इसी के साथ पैरों में बांधने के घुंघरू भी बिकते हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत गहलोत जिलाध्यक्ष बने



बसंत कुमार गहलोत

जालोर, (कासं)। भारत तिब्बत समन्वय संघ उत्तर पश्चिम क्षेत्र के जोधपुर प्रांत में जालोर जिलाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत कुमार गहलोत को मनोनीत किया। गहलोत को जिलाध्यक्ष नियुक्ति करने पर संगठन से जुडे लोगों ने खुशी जताई है।

भारत तिब्बत समन्वय संघ जोधपुर प्रांत के कुलदीप कुमार शाह ने बताया कि संघ के राष्ट्रीय महामंत्री ले. कर्नल (सेवा.) श्रीनिवास राव एवं राजो मालवीय ने जोधपुर प्रांत अध्यक्ष एकलव्य भंसाली की अनुशंसा पर श्री गहलोत को जालोर जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। बसंत कुमार गहलोत जालोर जिला मुख्यालय पर जिला एवं सेशन न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता के रुप में कार्य कर रहे हैं तथा अपने क्षेत्र में सामाजिक व विधिक कार्य करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति है, साथ ही वे अत्यंत धार्मिक व राष्ट्रवादी व्यक्ति भी है। जिलाध्यक्ष के रुप में नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रांत अध्यक्ष सहित सभी का आभार व्यक्त करते हुए गहलोत ने बताया कि तिब्बत की स्वतंत्रता और कैलाश मानसरोवर की मुक्ति में पूर्ण निष्ठा और लगनशीलता के साथ परिणामूलक यह अखंड भारत निर्माण के ईश्वरीय कार्य को करेंगे।

देवल सोजत विधानसभा क्षेत्र प्रभारी बने

रेवदर, (निसं)। रेवदर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूती देने के लिए संगठन में फेरबदल के साथ ही सक्रिय पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

इसी कडी में पाली जालौर सिरोही तीनों जिलों को जहां भाजपा का गढ माना जाता है वहीं पाली जिले की सोजत विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने एवं समन्वय स्थापित करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कांग्रेस वरिष्ठ नेता हिमपाल सिंह देवल को जिम्मेदारी देते हुए सोजत प्रभारी नियुक्त किया है। हिमपाल सिंह देवल सिरोही जिले में लगातार स‍ि‍य है और संगठन के कार्यक्रमों में सक्रिय अहम भूमिका निभाते है।

देवल पूर्व में जालौर सिरोही लोकसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस के महासचिव पद पर भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके है। देवल ने राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पद के लिए चुनाव भी लड चुके है। कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान युवा कांग्रेस की तरफ से देवल को एक विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी भी नियुक्त किया गया था। वर्तमान में सिरोही जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं वरमाण ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष पद पर अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है। राजनैतिक सक्रियता को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने हिमपाल सिंह देवल पर भरोसा जताते हुए सोजत विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया। देवल की नियुक्ति से क्षेत्र के आम कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। हिमपाल सिंह देवल ने कहा कि एकजुटता से संगठन के मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

लाइव केस डेमोस्ट्रेशन इंटरवेंशनल पेन मैनेजमेंट कार्यशाला आयोजित

जोधपुर,(कासं)। इंडियन सोसायटी ऑफ एनेस्थिसियोलॉजिस्ट जोधपुर शहर शाखा तथा डॉक्टर एस एन मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित लाइव केस डेमोस्ट्रेशन इंटरवेंशनल पेन मैनेजमेंट कार्यशाला मे राज्य भर से करीब 30 प्रतिनिधि आए और इंटरवेंशनल तकनीक द्वारा पेन मैनेजमेंट की बारीकियां सीखीं।

लास वेगास अमरीका से आए दर्द विशेषज्ञ (पेन स्पेशलिस्ट) डॉ. सतीश शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए तथा वहाँ हो रहे इलाज के नवाचार के बारे में बताया। कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. एस एन मेडिकल कॉलेज के एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कर्णावट ने की । उन्होंने इलाज की नई तकनीकों से अवगत रहने को महत्वपूर्ण बताया तथा यह भी कहा कि प्रयोगिक ज्ञान द्वारा ही इसे प्रभावी ढंग से कर सकते हैं। इस कार्यशाला मे व्यावहारिक कौशल पर जोर दिया गया, विशेष रूप से विभिन्न इंजेक्शन प्रक्रियाओं को किस तरह और किन मरीजों में किया जाए। यहाँ दर्द प्रबंधन तकनीकों की एक विस्तृत श्रृंखला को पढ़ाया गया, जिनमें शामिल हैं: स्पाइनल इंजेक्शन (एपिड्यूरल, फ़ेसेट जॉइंट, आदि) तंत्रिका जॉइंट ब्लॉक इंजेक्शन आदि। आयोजन सचिव डॉ॰ शिखा सोनी ने बताया कि विभिन्न प्रकार के कमर दर्द के इलाज में किस तरह से इंजेक्शन टेक्नीक निजात दिलाती है। डॉ॰ शिखा महात्मा गांधी हॉस्पीटल से मंगलवार और गुरुवार को पेन क्लिनिक चलाती हैं जहां पिछले दो साल में अल्ट्रासाउंड तथा फ्लोरोस्कोपिक गाइडेड इंटरवेंशन पेन मैनेजमेंट तकनीक से 200 से अधिक मरीजों को दर्द से राहत मिल चुकी है। इन मरीजों को कमर दर्द, घुटने का दर्द, फेंशियल पेन, कैंसर जनित दर्द आदि प्रकार के क्रॉनिक पेन थे जिनका इन्टरवेंशनल तकनीक से इलाज किया गया है। इस कार्यशाला में भी विभिन्न प्रकार के दर्द से पीड़ित मरीजों का चयन किया गया तथा इंजेक्शन टेक्नीक का लाइव डेमोंस्ट्रेशन ऑपरेशन थिएटर में किया गया। डेमॉन्ट्रेशन के दौरान डॉ॰ सतीश शर्मा ने अपना ज्ञान साझा करते हुए कुछ बारीकियों का भी वर्णन किया जिससे यह तकनीक सुगम हो जाती है। मरीज़ों को इन इंजेक्शन्स से दर्द में राहत दिलाते हुए डॉ शिखा सोनी इस प्रक्रिया का लाइव डिमांस्ट्रेशन करके डेलिगेट्स को फ्लोरोस्कोपिक गाइडेड स्पाइन पेन मैनेजमेंट की तकनीक बताई तथा डॉ.सतीश को मार्गदर्शन के लिए आभार जताया। सह आयोजक सचिव डॉ. वंदना शर्मा एवं डॉ. भरत चौधरी थे। कार्यशाला के सफल आयोजन में अस्थि रोग विभाग के डॉ अंकित सोनी, एनेस्थीशिया विभाग के डॉ नीलम मीणा, डॉ॰ गायत्री तंवर, डॉक्टर रश्मि, डॉ. जितेन्द्र मेवाड़ा का भी सहयोग रहा। महात्मा गाँधी हॉस्पीटल के अधीक्षक डॉक्टर फतेह सिंह भाटी एवं मथुरादास माथुर अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर विकास राजपुरोहित ने आयोजकों को बधाई दी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. बीएस जोधा ने आयोजकों को ऐसी बीमारी पर कार्यशाला आयोजित करने के लिए बधाई दी, जो रोजमर्रा के व्यवहार में बहुत आम है।

वूशु प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया

जालोर, (कासं)। राजस्थान वूशु संघ के तत्वावधान में अजमेर के पुष्कर में आयोजित होने वाली 18वीं राज्य स्तरीय सीनियर वूशु प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाडियों का चयन रविवार को किया गया।

जिला वूशु संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने 8 मार्च को सुंदेलाव तालाब स्थित आर्य हनुमान व्यायामशाला में सीनियर वूशु खिलाडियों का चयन ट्रायल रखा था,जिसकी सूचना व सर्कुलर 7 दिनों पूर्व ही जिला वूशु संघ से सम्बन्धित 9 क्लबों को भेज दिया गया था।

रविवार शाम 6 बजे उपस्थित 21 खिलाडियों में से निर्धारित वजनवर्ग के अनुसार 7 खिलाडियों का चयन किया गया। जिनका विवरण इस प्रकार से है।

महिला 56 किलो वजन वर्ग में स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन से अनीता कुमारी, वहीं पुरुष वर्ग 48 किलो वजनवर्ग में भीनमाल से संजय कुमार,52 किलो वजन वर्ग में स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन से मुकेश कुमार,60 किलो वजनवर्ग में बनो चैंपियन बादनवाडी से कैलाशचंद्र, 70 किलो वजनवर्ग में मांडवला से नवीन दवे,75 किलो वजनवर्ग में स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन से गणपत गेहलोत व 80 किलो वजनवर्ग में बनो चैम्पियन जालोर से भावेश कुमार का चयन किया गया।

ये सभी खिलाडी 21 से 23 मार्च तक अजमेर के पुष्कर में राजस्थान वूशु संघ द्वारा आयोजित होने वाली 18 वीं राज्य स्तरीय सीनियर वूशु प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

'भाजपा युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए कटिबद्ध'

जालोर, (नि.सं.)। जालोर शहर के गीटाला रिसॉर्ट में चल रहे तीन दिवसीय उन्नत राजस्थान उन्नत जालोर मेगा प्रदर्शनी का आज समापन समारोह आयोजित हुआ ।

समापन समारोह में सांसद लुंबाराम चौधरी , जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ,की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम संयोजक प्रकाश छाजेड ने बताया कि दिल्ली की प्रयास कंपनी के विनीश गुप्ता संयोजन में तीन दिनों से चल रही प्रदर्शनी में हजारों लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न औद्योगिक, कृषि, रक्षा क्षेत्र की उपलब्धियों की प्रदर्शनी के बारे में जानकारी ली गई। लुंबाराम चौधरी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कटिबद्ध है। युवाओं के रोजगार के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं, भर्तियां निकाली जा रही है जिससे लाखों युवा लाभान्वित होंगे। केंद्र सरकार द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि जैसी अनेक योजनाओं द्वारा लाभ दिया जा रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित। ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा एवं औद्योगिक क्षेत्र में विकास के बडे बडे कार्य हो रहे है । मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत प्रदेश के लाखों लोगों का इलाज नि:शुल्क हो रहा है । आज महिला दिवस के उपलक्ष में पूरे प्रदेश में महिलाओं के यात्रा किराया नि:शुल्क किया गया है। महिलाओं के विकास हेतु लघु उद्योगों एवं गृह उद्योगों को बढावा दिया जा रहा है ।

इस दौरान रविन्द्र सिंह बालावत , दीपसिंह धनानी, अंबाराम देवासी, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, भैरूसिंह देवकी , उर्मिला, गीता बारोट, प्रेमाराम देवासी, प्रकाश टेलर उत्तम गर्ग, नैनमल, गणपतसिंह, महेंद्रसिंह, जवानमल सुथार, डिम्पल सिंह, नारायण सिंह देलदरी, कांतिलाल वराडा महेंद्र सिंह सियाना परमवीर सिंह भाटी, नारायणसिंह हीराराम चौधरी, जयंतीलाल माली, जबराराम माली सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक निर्माण कार्य देखने पहुंचे

रेवदर, (निसं)। रेवदर विधायक मोतीराम कोली ने टोकरा बांध के ओवरफ्लो के नीचे हाईलेवल पुल के निर्माणकार्य का रविवार को आकस्मिक निरीक्षण किया।

विधायक ने मौके पर उपस्थित सुपरवाईजर से पुल के निर्माण के नक्शे व मापदण्डों की जानकारी ली। इसके बाद विभागीय अधिकारियों को कार्य की गुणवक्ता बनाये रखने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

विधायक मोतीराम कोली के टोकरा गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों की ओर से देवेन्द्रसिंह देवडा, टोकरा बांध अध्यक्ष भरतसिंह देवडा के नेतृत्व में विधायक का साफा पहनाकर कार्य की स्वीकृति के लिए आभार जताया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनन्द जोषी, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह रोहुआ, सिरोडी मण्डल अध्यक्ष दलपतसिंह देवडा, शिवराजसिंह पीथला, पंचायत समिति सदस्य सूरताराम देवासी, कांग्रेस जिला प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल, अनादरा मण्डल अध्यक्ष कानाराम मेघवाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लाखाराम चौधरी, भीखसिंह टोकरा, शिवशंकर कर्मावत, तुलसीराम पुरोहित, हरीसिंह देवडा, लक्ष्मणसिंह पोसीतरा, सिरोडी सरपंच शैतानसिंह देवडा आदि मौजूद थे।